Regarding request for setting up of swimming centres in Tapi and Surat districts-laid

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा **(बारडोली) :** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बारडोली, गुजरात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में दो जिले आते हैं, तापी और सूरत । मेरा संसदीय क्षेत्र बड़ा है और इसमें उकाई डैम के साथ-साथ तापी, अंबिका, पूर्णा आदि 15 से ज्यादा छोटी-बड़ी नदियां बहती है । इन नदियो के किनारे - किनारे कई गांव बसे हुए हैं । महोदय आजकल के बच्चे और युवा तैराकी में कुशल नहीं होने के कारण, वे अपनी सुरक्षा नहीं कर पाते हैं और पानी में डूबने की अनेक घटनाएं देश भर में होती रहती हैं । आज के समय में तैराकी का ज्ञान हर एक नागरिक के लिए आवश्यक है । तैराकी न केवल जीवन रक्षक है, बल्कि यह एक अच्छा व्यायाम भी है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है ।

इसलिए, मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों, तापी और सूरत, में तैराकी के ओलंपिक और सेमी ओलंपिक मानकों के अनुरूप तैराकी केंद्र स्थापित करने का अनुरोध करता हूँ । इससे न केवल हमारी जनता की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि हमारे युवाओं को तैराकी के खेल में भी प्रोत्साहन मिलेगा ।